Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding the stoppage of Rajdhani train running from Ranchi to New Delhi at Hazari Bagh Railway station; stoppage of Bombay Mail and Purushottam Express at Parsabad Railway station and the demand for EMU train for general public.

श्री रवीन्द्र कुमार राय : महोदया, मैं हजारीबाग रेलवे स्टेशन पर राँची से नई दिल्ली राजधानी ट्रेन के ठहराव और परसाबाद रेलवे स्टेशन पर बॉम्बे मेल और पुरूषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की माँग करता हूँ।…(व्यवधान) इसके साथ-साथ मैंने बराबर एक विषय उठाया है, जब झारखंड प्रदेश की राजधानी राँची बनी तो वहाँ से सीधे मेरे क्षेत्र तक आम आदमी के आने के लिए ईएमयू ट्रेन चलाने की माँग मैं बार-बार करता रहा हूँ।…(व्यवधान) मैंने गिरिडीह से कोडरमा, गोमोह होते हुए प्रतिदिन ईएमयू ट्रेन चलाने के लिए अनुरोध किया है।…(व्यवधान) मैं रेलवे विभाग से फिर अनुरोध करता हूँ कि इससे 6 जिलों के लोग लाभान्वित होंगे। इसलिए जनहित में यह नई ट्रेन चलाने की कृपा करें। जनहित में इसे पूरा करने का मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूँ। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय को श्री रवीन्द्र कुमार राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)